स्मार्ट सिटी के रोल मॉडल इनक्यूबेशन सेंटर में बिजली चोरी

कार्रवाई पर उठे गंभीर सवाल, सिर्फ चेतावनी देकर लौटी बिजली विभाग की टीम

नवभारत न्यूज

सतना, 20 जून. शहर के धवारी स्थित जिस इनक्यूबेशन सेंटर को स्मार्ट सिटी का रोल मॉडल माना जाता है, वहां बड़े पैमाने पर बिजली चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

विद्युत वितरण कंपनी की विशेष जांच टीम ने जब यहां छापा मारा, तो परिसर की करीब आधा दर्जन दुकानें बिना मीटर के अवैध कनेक्शन जोड़कर धड़ल्ले से संचालित होती पाई गईं। हालांकि, इतनी बड़ी गड़बड़ी पकड़े जाने के बाद भी बिजली विभाग की टीम द्वारा की गई नरम कार्रवाई ने पूरी प्रक्रिया को संदेह के घेरे में ला खड़ा किया है। जांच टीम जब मौके पर पहुंची तो वहां का नजारा चौंकाने वाला था। परिसर की दुकानों में न केवल बिजली का अवैध कमर्शियल उपयोग किया जा रहा था, बल्कि सीधे मुख्य ट्रांसफॉर्मर से मोटे तार खींचकर भारी-भरकम एयर कंडीशनर चलाए जा रहे थे। इस हाई-प्रोफाइल अवैध सेटअप के कारण नगर निगम को हर महीने लाखों रुपये के राजस्व का चूना लग रहा था। चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे परिसर की देखरेख और मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के आला अधिकारियों के पास है। इस पूरे मामले में बिजली विभाग की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। मौके पर रंगे हाथों इतनी बड़ी चोरी पकड़े जाने के बावजूद टीम ने दोषियों के खिलाफ न तो कोई पंचनामा बनाया और न ही कोई कानूनी प्रकरण दर्ज किया। टीम ने केवल औपचारिकता निभाते हुए अवैध कनेक्शनों दोबारा उल्लंघन न करने की अंतिम चेतावनी देकर मौके से रवानगी ले ली। स्मार्ट सिटी के इतने सुरक्षित, प्रतिष्ठित और वीआईपी परिसर में बिना मीटर के सीधे ट्रांसफॉर्मर से सरेआम लाइन कैसे खींच ली गई? यह सवाल अब शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में कुछ रसूखदारों और रसूखदार दुकानदारों का हाथ है, जिनके राजनीतिक व प्रशासनिक दबाव के आगे बिजली विभाग ने घुटने टेक दिए। यही वजह रही कि विभाग ने एफआईआर दर्ज करने या भारी जुर्माना लगाने जैसी सख्त कानूनी कार्रवाई से परहेज किया।

बड़ा सवाल यह कि आम जनता की मामूली बिजली कटौती या बिल बकाया होने पर सख्त रुख अपनाने वाला विद्युत विभाग, स्मार्ट सिटी परिसर में हुई इस महानगर स्तरीय बिजली चोरी पर इतना मेहरबान क्यों है?

इनका कहना है

जाँच के दौरान वहाँ दुकानों में बिना मीटर के बिजली कनेक्शन पाए गए हैं .हमने चेतावनी दी है और स्मार्ट सिटी को नोटिस को इस संबंध मे नोटिस जारी कर जानकारी माँगी जाएगी

मिगेंद्र सिंह चंदेल
डीई सिटी

हाईकोर्ट ने जिला अदालत का फैसला किया निरस्त

हाईकोर्ट ने कहा जनहित से जुड़े मामलों को तकनीकी आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता

नवभारत न्यूज

सतना, 20 जून. जबलपुर हाईकोर्ट ने सतना जिला अदालत का आदेश किया निरस्त, 17.59 एकड़ बहुमूल्य सरकारी भूमि के मामले में सुनवाई बहाल करने के निर्देश दिए.

अदालत ने कहा वकील की अनुपस्थिति या तकनीकी खामियों के कारण जनहित और सार्वजनिक संपत्ति के मामलों को न्याय से वंचित नहीं किया जा सकता मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर ने एक महत्वपूर्ण कानूनी सिद्धांत को प्रतिपादित करते हुए स्पष्ट किया है कि बहुमूल्य सरकारी भूमि और व्यापक जनहित से जुड़े मुकदमों को केवल तकनीकी आधारों या वकीलों की अनुपस्थिति के कारण खारिज नहीं किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन की एकल पीठ ने सतना जिले की एक मूल्यवान सरकारी जमीन से जुड़े मामले में निचली अदालत /ट्रायल कोर्ट के पुराने आदेश को अवैध मानते हुए निरस्त कर दिया है और मामले को नए सिरे से गुण-दोष के आधार पर सुनने का आदेश जारी किया है। यह पूरा विवाद सतना जिले के मौजा कृपालपुर तहसील रघुराजनगर में स्थित खसरा नंबर 56 की करीब 17.59 एकड़ मूल्यवान भूमि से संबंधित है, जिसे राज्य सरकार के जल संसाधन विभाग के नियंत्रण वाली शासकीय भूमि बताया गया है। इस भूमि के मालिकाना हक को लेकर वर्ष 1999 में एक सिविल सूट न .115/1999 दायर किया गया था। जिसके विरुद्ध राज्य द्वारा व्यवहार वाद क्रमांक 276/21 प्रस्तुत किया गया था जो अदम पैरवी मे खारिज हो गया मामले के सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद हाईकोर्ट ने अपने आदेश में निम्नलिखित मुख्य बातें रेखांकित की हैं प्रक्रियात्मक कानून न्याय की स्थापना को आगे बढ़ाने के लिए होते हैं, न कि तकनीकी आधार पर वास्तविक और ठोस अधिकारों को खत्म करने के लिए,किसी भी वादी (विशेषकर सरकार) को उसके वकील की अनजाने में हुई चूक या किसी अपरिहार्य शासकीय व्यस्तता के कारण अदालती कार्यवाही से बाहर नहीं किया जा सकता।

सफलता में स रकारी प्रयास भी शामिल : रमेश

जिले के शासकीय अधिवक्ता लोक अभियोजक रमेश मिश्रा ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर सतना डॉ सतीश कुमार एस,तहसीलदार सौरभ मिश्रा,एस डी एम राहुल सिलाड़िया के प्रयत्न से इस आदेश के बाद अब करोड़ों रुपये मूल्य की सरकारी जमीन को लेकर कानूनी लड़ाई फिर से बहाल हो गई है, जिससे सरकारी हितों के संरक्षण की उम्मीदें मजबूत हुई हैं।

पहली काउंसलिंग में 75 फीसदी सीटें भरीं

पॉलीटेक्निक में इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल की रही अच्छी मांग

नवभारत न्यूज

सतना, 20 जून. शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सतना में प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण की काउंसलिंग के बाद करीब 75 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश हो चुका है। विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ दाखिला लिया, जबकि कुछ सीटें अभी भी रिक्त हैं। इन रिक्त सीटों के लिए द्वितीय चरण की प्रक्रिया जारी है।

कॉलेज प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच की 69 सीटों में से 54 सीटें भर चुकी हैं, जबकि 15 सीटें अभी खाली हैं। इस शाखा में चयनित अभ्यर्थियों का अधिकतम मेरिट प्रतिशत 95.5 प्रतिशत रहा। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में भी 69 में से 54 सीटों पर प्रवेश हुआ है और 15 सीटें रिक्त हैं। इस शाखा में अधिकतम मेरिट 93.2 प्रतिशत तक पहुंची। वहीं सीमेंट टेक्नोलॉजी की 63 सीटों में से 52 सीटें भर गई हैं और 11 सीटें शेष हैं। इस शाखा में अधिकतम मेरिट 92 प्रतिशत दर्ज की गई। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में 69 सीटों के मुकाबले 37 सीटों पर प्रवेश हुआ है, जबकि 32 सीटें अभी खाली हैं। इस शाखा में अधिकतम मेरिट 96 प्रतिशत तक रही। जानकारी के अनुसार बची हुई सीटों के लिए द्वितीय चरण की पंजीयन प्रक्रिया 9 जून 2026 से प्रारंभ हो चुकी है और 18 जून तक चलेगी। इसके बाद अभ्यर्थियों को 19 से 20 जून तक पंजीयन में सुधार का अवसर दिया जाएगा। संस्था प्राथमिकता के ऑनलाइन चयन एवं लॉकिंग की सुविधा दो दिनों तक उपलब्ध रहेगी, जबकि कॉमन मेरिट सूची 23 जून 2026 को जारी की जाएगी।

सतना कॉलेज को विशेष प्राथमिकता : कमला

पॉलीटेक्निक कॉलेज की प्रभारी कमला अग्रवाल ने बताया कि प्रथम चरण की काउंसलिंग में पूरे मध्य प्रदेश के पॉलीटेक्निक संस्थानों में सतना पॉलीटेक्निक कॉलेज में सर्वाधिक प्रवेश दर्ज किए गए हैं। उम्मीद है कि द्वितीय चरण की काउंसलिंग के बाद कॉलेज की शेष बची सीटें भी भर जाएंगी।

नीट परीक्षा को लेकर किए गए कड़े सुरक्षा इंतजाम

नवभारत न्यूज

सतना, 20 जून. रविवार को होने वाली नीट यूजी प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां प्रशासन ने पूरी कर ली हैं। शहर के सात परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी।

प्रश्न पत्र दोपहर 1ः30 बजे तक पूर्ण सुरक्षा के साथ परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाए जाएंगे। परीक्षा समाप्त होने के बाद, उत्तर पुस्तिकाओं को गहन सुरक्षा व्यवस्था के साथ नोडल केंद्र तक ले जाया जाएगा। इन वाहनों में जीपीएस सिस्टम से मैपिंग की जाएगी और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी होगी। दोपहर 1ः30 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के दिशानिर्देशों के अनुसार, परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1ः30 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। दोपहर 1ः30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5ः15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए सात केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल व्यंकट क्रमांक एक, शासकीय कन्या महाविद्यालय, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2, पीएम श्री एक्सीलेंस शासकीय ऑटोनॉमस पीजी कॉलेज, पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल और पीएम श्री शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल व्यंकट 2 शामिल हैं। दोबारा आयोजित की जा रही नीट परीक्षा के आयोजन के लिए शहर में सात केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी केंद्रों में 2 हजार 912 स्टूडेंट्स शामिल होंगे।

सीआईएसएफ की तैनाती

पेपर को दो स्थानों में लॉकर में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। शहर में बनाए गए सात परीक्षा केंद्रों में 14 सीआईएसएफ के जवान तैनात रहेंगे। सभी परीक्षा केंद्रों में दो-दो जवान सीआईएसएफ के तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी केंद्र में मौजूद रहेंगे। जीपीएस लगे वाहनों से केंद्र में पेपर पहुंचाए जाएंगे। इसमें भी पुलिस का पहरा रहेगा। जीपीएस के जरिए वाहनों की ट्रेकिंग की जाएगी।

शासकीय कार्यालयों में मितव्ययता बरतने के निर्देश

सतना 20 जून. वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के दृष्टिगत प्रधानमंत्री के आह्वान के चलते राज्य शासन ने शासकीय कार्यालयों में मितव्ययता बरतने के साथ ही आमजन के बीच जन-जागरूकता अभियान चलाने के लिये विभाग प्रमुख और कलेक्टर्स को निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में कहा गया है कि अनावश्यक यात्रा और व्यय में कमीं लाने के लिए विभागीय बैठकों, कार्य-शालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं सेमीनारों का आयोजन यथा संभव वीडियों कांफ्रेंसिंग अथवा हाईब्रिड माध्यम से किया जाए।

योग तनावमुक्त और संतुलित जीवन का वैज्ञानिक आधार : डॉ . राघवेंद्र

नवभारत न्यूज

सतना, 20 जून. सात दिवसीय ऑनलाइन योग व्याख्यानमाला के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के संतुलन का वैज्ञानिक माध्यम है।

वर्तमान समय की तनावपूर्ण जीवनशैली में योग स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन का सबसे प्रभावी उपाय बनकर उभरा है। डॉ. शर्मा ने कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को रोगों से दूर रखने के साथ मानसिक दृढ़ता, एकाग्रता और आत्मविश्वास प्रदान करता है। योग के माध्यम से व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे वह जीवन की चुनौतियों का सामना अधिक प्रभावी ढंग से कर सकता है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला होते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एकेएस विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर इंजी. अनंत कुमार सोनी ने योग को भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने योग को जन-जन तक पहुंचाने और इसे दैनिक जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर प्रो. महेंद्र तिवारी, डॉ. दिलीप तिवारी, आचार्य शंखधर मिश्र एवं निशा त्रिपाठी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने योग को स्वस्थ समाज के निर्माण का आधार बताते हुए इसके व्यापक प्रचार-प्रसार और जनजागरण की आवश्यकता रेखांकित की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने ऑनलाइन सहभागिता कर योग के प्रति अपनी जागरूकता और प्रतिबद्धता व्यक्त की। अंत में सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार ज्ञापित किया गया।

जारी किया संकल्प पत्र

सतना, 20 जून. जिला अधिवक्ता संघ, सतना के द्विवार्षिक निर्वाचन 2026-28 को लेकर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रदीप पाण्डेय ने अधिवक्ताओं के हितों एवं न्यायालय परिसरों में बुनियादी सुविधाओं के विकास संबंधी मुद्दों को प्रमुखता देते हुए अपना संकल्प पत्र जारी किया है। उन्होंने अधिवक्ता समुदाय के समक्ष विभिन्न प्रस्तावों और प्राथमिकताओं को रखा है।

भाजपा का जिला व मण्डल स्तर पर योग शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज

सतना, 20 जून. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज रविवार 21 जून को जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी मण्डलो मे योग शिविरो का आयोजन किया गया है जिसमे योग शिक्षको द्वारा योग कराया जायेगा।

जिला मीडिया प्रभारी अतुल सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला मुख्यालय में अमृत पार्क हवाई पट्टी में प्रात: 6:30 बजे योग शिविर का आयोजन किया गया है जिसमे जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ - साथ सभी सामाजिक बंधुओं को आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विषेष प्रयासो से 21 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ के 193 सदस्य देशों के समर्थन से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। इस अवसर पर प्रत्येक वर्ष 21 जून को पूरे देश मे योग के विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया जाता है।

जिले में राज्यमंत्री योग दिवस के कार्यक्रम में होंगी मुख्य अतिथि

नवभारत न्यूज

सतना 20 जून. बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून रविवार को प्रदेश की शिक्षण संस्थानों में सामूहिक योग प्रदर्शन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सतना जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक 01 सतना में आयोजित होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्य शासन द्वारा नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी को मुख्य अतिथि नामांकित किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह ने सतना जिले के कार्यक्रम हेतु जिला शिक्षा अधिकारी सतना गिरीश अग्निहोत्री को नोडल अधिकारी एवं डीपीसी विष्णु त्रिपाठी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

इसी प्रकार मैहर जिले में योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम 21 जून को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैहर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के लिए राज्य शासन ने सतना सांसद गणेश सिंह को मुख्य अतिथि नामांकित किया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रचार्य संदीपनी विद्यालय मैहर दिनेश पुरी गोस्वामी को नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य शासकीय बालक हाई स्कूल मैहर दिनेश मिश्रा को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला स्तरीय योग दिवस के कार्यक्रम 21 जून को प्रात: 6 बजे से 7:45 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

एक नजर में

पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी

सतना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त के अंतर्गत देशभर के करोड़ों किसान भाइयों के बैंक खातों में 18, 880 करोड़ रुपये सम्मान निधि की राशि हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केंद्र, सतना एवं भा.कृ.अ.प.- कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, सतना में आयोजित कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह ने सहभागिता की और उपस्थित लाभार्थियों एवं किसान भाइयों से संवाद किया। इस अवसर पर चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती पाण्डेय, सुष्मिता सिंह, प्रवल श्रीवास्तव, कृष्णा पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ शैलेन्द्र सिंह, आशीष पाण्डेय, नवीन शर्मा, अवधबिहारी मिश्रा, नागेन्द्र सिंह, शंकरदयाल मिश्रा तथा सुखदेव सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

लायंस लंगर सेवा में खिचड़ी प्रसाद वितरित

सतना। लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को अनवरत जारी लायंस लंगर सेवा में आज शनिवार को श्री हनुमान जी मंदिर सी एम एच ओ आफिस के सामने धवारी सतना में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया लगभग 600 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन आलोक त्रिपाठी ज़ोन चेयरपर्सन लायन धर्मेंद्र सेन, लायन जितेन्द्र गर्ग,कमल कांत पाण्डेय, राजेश श्रीवास्तव,अशोक त्रिपाठी,उमेश शर्मा,मिथलेश पाण्डेय,सुकीर्त त्रिपाठी,सूर्य कमल त्रिपाठी, विनय कमल त्रिपाठी, मंदिर के पुजारी पं0जगन्नाथ महराज जी एवं साथी उपस्थित रहे।

शौर्य प्रशिक्षण योजना में छात्राओं को मिला प्रशिक्षण

सतना। आर्म्ड फोर्सेस के लिए बालिकाओं को तैयार करने और उनमें राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से ओबीसी विभाग द्वारा संचालित शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना के तहत आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर बदखर में चल रहे सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह शामिल हुए। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं से संवाद किया.

महराणा प्रताप के सम्मान में शौर्य यात्रा आज निकलेगी

नवभारत न्यूज

सतना, 20 जून. रॉयल राजपूत संगठन जिला सतना के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति 21 जून 2026 दिन रविवार को वीर शिरोमणि महराणा प्रताप जी की जन्म जयंती के अवसर पर भव्य शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया है।

यह यात्रा शाम 4 बजे महराणा प्रताप चौक हवाई पट्टी से से प्रारंभ हो कर सेमरिया चौक से होते हुए सर्किट हाउस से वापस टाउन हॉल में मंचीय कार्यक्रम में बदल जाएगी । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह तोमर पूर्व केंद्रीय मंत्री वर्तमान विधान सभा अध्यक्ष मध्यप्रदेश होंगे । कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह पूर्व मंत्री, विधायक अमरपाटन करेंगे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विक्रम सिंह विक्की भइया विधायक रामपुर बाघेलान , गगनेन्द्र प्रताप सिंह पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष सतना , पुष्कर सिंह तोमर पूर्व महापौर सतना, अभय सिंह रोली भइया वरिष्ठ समाजसेवी, श्रीमती सुष्मिता पंकज सिंह उपाध्यक्ष जिला पंचायत सतना, धर्मेंद्र सिंह बराज अध्यक्ष जनपद पंचायत सोहावल,संजीव सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष रॉयल राजपूत संगठन, एवं सुरेंद्र सिंह बघेल पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सतना होंगे । कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रॉयल राजपूत संगठन जिले के समस्त राजपूत (क्षत्रिय) भाइयो से विनम्र अनुरोध करता है कि आप अपना बहुमूल्य समय निकाल कर होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी उपस्थिति अवस्य दर्ज कराए ताकि कार्यक्रम को सफल एवम भव्य रूप में परिवर्तित किया जा सके ।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला- सतना (म.प्र.)
क्रमांक/प्रवा./अपर कले./26 सतना दिनांक 16/06/2026

//सार्वजनिक सूचना//

विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 6 के तहत

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंगलेश सोंधिया पुत्र श्री गंगा प्रसाद सोंधिया (तलाकशुदा),उम्र-31 वर्ष, (10.05.1995), व्यवसाय-प्राईवेट नौकरी स्थायी निवासी-वार्ड नम्बर-18 नई बस्ती हनुमान नगर थाना-कोलगवां, तह.रघुराजनगर जिला सतना (म.प्र.) पिनकोड 485005, आवेदिका आरती सोंधिया पुत्री श्री रामनरेश सोंधिया (तलाकशुदा), उम्र-34 वर्ष (09.02.1992), व्यवसाय-गृहकार्य स्थायी निवासी-23 नम्बर बंगला के पीछे, नरेंद्र नगर वार्ड नम्बर-17, थाना-अमहिया, तहसील-हुजूर जिला-रीवा (म.प्र.) पिनकोड 486001 के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन दिनांक 11/06/2026 को प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरुद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में दिनांक 20/07/2026 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-सतना (म.प्र.)

मानसून की बेरुखी ने बदले विंध्य में बारिश के हालात

जून महीने में अब तक दीर्घावधि औसत से 52 प्रतिशत कम वर्षा

नवभारत न्यूज

सतना 20 जून. एक ओर जहां इस वर्ष जून के प्रथम सप्ताह में रीवा जिले को छोड़कर समूचे विंध्य में दीर्घावधि औसत से 123.4 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई थी. वहीं दूसरी ओर मानसून की बेरुखी के चलते पखवाड़े भर बाद ही यहां के हालात बदलते नजर आने लगे हैं. आलम यह है कि जून महीने में विंध्य में अब तक हुई बारिश का आंकड़ा दीर्घावधि औसत से -52.14 प्रतिशत पर पहुंच चुका है.

जून के प्रथम सप्ताह में विंध्य में दीर्घावधि औसत वर्षा के जो उत्साहवर्धक आंकड़े सामने आए थे, वह इस वर्ष भरपूर मानसूनी बारिश का संकेत दे रहे थे. उस दौरान विंध्य के केवल रीवा जिले में 61 प्रतिशत कम बारिश देखने को मिली थी. जबकि शेष विंध्य में दीर्घावधि औसत से 123.4 प्रतिशत वर्षा दर्ज की गई थी. लेकिन समय बीतने के साथ ही मानसून की बेरुखी का असर साफ नजर आने लगा. हालात इस कदर बदले कि विंध्य में दीर्घावधि वर्षा का जो औसत जून के प्रथम सप्ताह तक 100 फीसदी के ऊपर बना हुआ था, वही आंकड़ा पखवाड़ा बीतते-बीतते 52.12 प्रतिशत नीचे पहुंच गया. जबकि इसी दौरान पूर्वी मप्र में दीर्घावधि वर्षा का औसत 65 प्रतिशत कम हो गया. मौसम विभाग के अनुसार यदि अनुकूल परिस्थितियां बनीं रहीं तो 25 जून तक मानसून मप्र में प्रवेश करते हुए अगले दिन विंध्य तक पहुंच सकता है. हलांकि फिलहाल प्री मानसूनी गतिविधियां जारी हैं. लेकिन इसके बावजूद भी मानसून में अपेक्षित गति नजर नहीं आ रही है. किसानों के अनुसार मानसून में होने वाली यह देरी सोयाबीन और धान की खेती को प्रभावित कर सकती है.

आया जमीन-आसमान का अंतर

जून के प्रथम सप्ताह और फिर उसके बाद के पखवाड़े में विंध्य में हुई वर्षा को तुलनात्मक रुप से देखा जाए तो जमीन-आसमान का अंतर नजर आता है. मैहर में जून के प्रथम सप्ताह में जहां 38 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई वहीं अब यह घटकर -60 प्रतिशत पर पहुंच चुकी है. मऊगंज में जहां 47 प्रतिशत वर्षा हुई थी वहीं अब यह -70 प्रतिशत पर पहुंच चुकी है. सतना में पूर्व में हुई 144 प्रतिशत अधिक वर्षा की तुलना में अब यह -7 फीसदी पर पहुंच चुकी है. सीधी में 98 फीसदी की तुलना में अब यह आंकड़ा घटकर -41 प्रतिशत पर पहुंच चुका है. विंध्य में सर्वाधिक अंतर सिंगरौली जिले में सामने आया. जहां पर पूर्व में हुई 298 प्रतिशत अधिक बारिश की तुलना में अब यह आंकड़ा -59 फीसदी पर पहुंच चुका है. वहीं दूसरी ओर विंध्य में रीवा ही एकमात्र ऐसा जिला रहा जहां जून के प्रथम सप्ताह और उसके बाद के पखवाड़े में सबसे कम अंतर देखने को मिला. रीवा में जहां पहले हुई वर्षा औसत से 61 फीसदी कम रही वहीं अब यह आंकड़ा -63 प्रतिशत पर पहुंच चुका है.